मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

प्रेस विज्ञप्ति

नई दिल्ली, 28 अप्रैल, 2025

जामिया मिल्लिया इस्लामिया की एक छात्रा द्वारा कल छेड़छाड़ की दुर्भाग्यपूर्ण व निंदनीय घटना की सूचना दी गई। विश्वविद्यालय के प्रॉक्टोरियल और सुरक्षा दलों ने सुरक्षा सलाहकार एवं मुख्य कुलानुशासक के साथ मिलकर त्वरित कार्रवाई की और जामिया नगर पुलिस स्टेशन को सूचित किया। पुलिस दस्ता तुरंत विश्वविद्यालय के गेट पर पहुंचा और आरोपी को पकड़ लिया।

छात्रा द्वारा जामिया नगर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराने के उपरांत आज भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के अंतर्गत एफआईआर दर्ज की गई है।

आरोपी पुलिस हिरासत में है और मामले की जांच की जा रही है। सुरक्षा सलाहकार एवं जामिया मिल्लिया इस्लामिया के मुख्य कुलानुशासक पुलिस स्टेशन-जामिया नगर के साथ समन्वय कर रहे हैं और यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव सहायता और सहयोग दे रहे हैं कि इस निंदनीय कृत्य के लिए जिम्मेदार व्यक्ति के खिलाफ त्वरित तथा उचित कार्रवाई की जाए। जिस विभाग में छात्रा पढ़ रही है, उसके संकाय सदस्य उसकी काउंसलिंग कर रहे हैं।

जामिया मिल्लिया इस्लामिया प्रशासन छेड़छाड़ की इस बेहद अस्वीकार्य घटना को अत्यंत गंभीरता से ले रहा है और परिसर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर संभव कदम उठा रहा है। कुलपति, कुलसचिव , सुरक्षा सलाहकार, मुख्य कुलानुशासक, प्रॉक्टोरियल और सुरक्षा टीमों के सदस्य तथा जामिया मिल्लिया इस्लामिया के अन्य वरिष्ठ अधिकारी कल रात से ही स्थिति पर पैनी नज़र रखने और परिसर में मौजूद छात्रों, खासकर लड़कियों को उनकी सुरक्षा का भरोसा दिलाने के लिए नियमित रूप से दौरे कर रहे हैं।

विश्वविद्यालय प्रशासन अपनी महिला छात्राओं की सुरक्षा और भलाई के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और महिलाओं के खिलाफ किसी भी प्रकार की हिंसा के प्रति 'शून्य-सहिष्णुता' की नीति रखता है। न केवल विश्वविद्यालय ने कल रात ही स्थिति को तुरंत संबोधित किया बल्कि निंदनीय कृत्य के अपराधी को तुरंत पकड़ लिया गया और विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने परिसर के कई चक्कर लगाए, हर गली-मोहल्ले में गश्त की जिससे स्थिति पर सीधे नज़र रखी जा सके और यह सुनिश्चित किया जा सके कि परिसर अपने छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए शांतिपूर्ण और सुरक्षित बना रहे।

प्रो. साइमा सईद
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी
जामिया मिल्लिया इस्लामिया